## झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

**प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)**

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र सेट-1

| कक्षा-09 | विषय- हिंदी 'बी' | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए ।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे ।**

**खंड 'क' (अपठित बोध)**

**निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।**

आज का समय 'विज्ञान का युग' कहा जाता है। आज मानव ने हर क्षेत्र में बहुत प्रगति की है। कहीं कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहाँ विज्ञान के पैर न पड़े हों। मनुष्य ने पृथ्वी, आकाश, अन्तरिक्ष तथा जल पर अपना आधिपत्य जमा लिया है। मनुष्य ने अपनी सुख-सुविधा के लिए अनेक प्रकार की मशीनों का आविष्कार किया है। समय की गति के साथ-साथ जनसंख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के कारण ही मनुष्य ने वनों को काटकर, उद्योग-धन्धों और कृषि भूमि का विस्तार किया है। वनों के अंधा-धुंध कटान के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। इससे वर्षा, जलवायु तथा भूमि पर इसका दुष्प्रभाव पड़ा है। वनों के कारण वातावरण शुद्ध रहता था, पर आज मिलों की चिमनियों से निकलता धुआँ और मिलों से बहने वाले पदार्थों से वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है।

01. मनुष्यों ने मशीनों का आविष्कार क्यों किया ?

A. पृथ्वी पर अधिकार करने के लिए

B. वातावरण को प्रदूषित करने के लिए

C. धातुओं का उपयोग करने के लिए

D. अपनी सुख-सुविधा के लिए

02. जनसंख्या वृद्धि के कारण हमने निम्नलिखित में से कौन-कौन-सा कार्य किया है ?

A. वनों की कटाई B. कृषि भूमि का विस्तार

C. उद्योग-धंधों का विकास D. उपर्युक्त सभी

03. हमारा वातावरण क्यों प्रदूषित हो रहा है ?

A. मिलों की चिमनियों से निकलता धुआँ

B. मिलों से बहने वाले पदार्थों से

C. विकल्प A और B दोनों

D. इनमें से कोई नहीं

04. 'विज्ञान' कौन-से दो शब्दों के मेल से बना है ?

A. विज्ञ + आन B. वि + ज्ञान

C. विज्ञा + न D. वि + अज्ञान

05. इनमें से कौन-सा शब्द 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?

A. धरा B. मही C. धरती D. धारा

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

मैं सबसे छोटी होऊँ,

तेरी गोदी में सोऊँ

तेरा अंचल पकड़-पकड़कर

फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,

कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ!

बड़ा बनाकर पहले हमको

तू पीछे छलती है मात!

हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
तथा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरा अंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय।

06. इस कविता को एक शीर्षक दीजिए -

A. छात्रा B. धूल C. माँ D. छाया

07. कविता में कौन-सी इच्छा व्यक्त की गई है ?

A. स्नेह नहीं खोना B. अंचल की छाया में छिपी रहना

C. कभी हाथ न छोड़ना D. उपर्युक्त सभी

08. कविता में सबसे छोटी होने की कल्पना है क्योंकि ?

A. माँ का साथ मिलता रहे B. बड़ा भाई उपहार दे

C. माँ का प्यार मिलता रहे D. विकल्प A और C दोनों

09. 'निर्भय' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

A. डरा हुआ B. डर रहित C. डर सहित D. सिर्फ भय

10. 'अंचल' शब्द का एक अर्थ है- माँ का आँचल, एक अन्य अर्थ बताइए ?

A. चल संपत्ति B. अचल संपत्ति

C. एक विशेष क्षेत्र D. धन

**खंड-ख (व्याकरण एवं रचना)**

11. 'विद्यालय' का वर्ण-विच्छेद क्या है?

A. व्+इ+द्+य्+आ+ल्+अ+य्+अ  B. व्+इ+द्+य्+आ+ल्+अ+य्

C. व्+इ+द्+य्+आ+ल्+अ  D. व्+इ+द्+य्+आ+ल्+य्+अ

12. 'मैं दीपों को _______ से रख रही हूँ।' रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

A. कर्म  B. कम्रि  C. कृम  D. क्रम

13. 'डॉक्टर मरीजों के देखभाल की ज़िम्मेदारी ले रहे हैं।' इस वाक्य में किन चिह्नों का प्रयोग किया गया है?

A. केवल बिंदु  B. केवल अर्धचंद्राकार

C. केवल नुक्ता  D. उपर्युक्त सभी

14. उसे सफलता अवश्य मिल जाएगी क्योंकि वह ___________ कर रहा है ।

A. जी तोड़ मेहनत  B. बीड़ा उठा

C. बाएँ हाथ का खेल  D. पत्थर की लकीर

15. 'अनुलोम' शब्द का विलोम क्या है?

A. प्रतिलोम  B. सुलोम  C. अनलोम  D. अवलोम

16. उपसर्ग का प्रयोग होता है -

A. शब्द के आरंभ में  B. शब्द के मध्य में

C. शब्द के अंत में  D. शब्द के आरंभ एवं अंत दोनों में

17. 'लेखक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

A. अक  B. क  C. आक  D. इक

**निर्देश:- नीचे दिए गए पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

मेन रोड, राँची

5 अप्रैल, 2021

प्रिय सौरभ,

सप्रेम नमस्ते,

आज ही समाचार-पत्र में तुम्हारे परीक्षा में सफल होने की खबर देखकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई। अपनी कक्षा में तुम्हें इतनी उल्लेखनीय सफलता मिली, जिससे तुमने न केवल विद्यालय की कीर्ति को बढ़ाया, बल्कि अपने माता-पिता और परिवार का भी सम्मान बढ़ाया। इस सुअवसर पर व्यक्तिगत तौर पर मेरी और मेरी परिवार की ओर से हार्दिक बधाई स्वीकार करो।

ईश्वर तुम्हें भविष्य में भी ऐसी सफलताएँ प्रदान करता रहे।

बुआजी और फूफाजी को भी मेरी ओर से इस अवसर पर बधाई।

तुम्हारा मित्र

अभय

18. इसे आप किस प्रकार का पत्र कहेंगे ?

A. आवेदन पत्र	B. आमंत्रण पत्र

C. बधाई पत्र	D. समाचार पत्र

19. पत्र किसे लिखा गया है ?

A. मित्र को	B. छोटे भाई को

C. बड़े भाई को	D. बहन को

20. पत्र में मुख्यतः किस चीज के बारे में बातें हो रही हैं ?

A. मित्र की विफलता	B. मित्र की कुशलता

C. मित्र की सरलता	D. मित्र की सफलता

21. अभय को अपने दोस्त के सफल होने की खबर कैसे पता चली ?

A. विद्यालय के सूचना बोर्ड से	B. समाचार पत्र से

C. फोन से	D. उसके पिताजी से

22. पत्र के बारे में असत्य कथन चुनिए-

A. सौरभ ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की

B. सौरभ ने विद्यालय का यश फैलाया

C.अभय के बुआजी और फूफाजी को इस अवसर पर बधाई दी गई

D.उपरोक्त सभी

**खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)**

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 23-27 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।

प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी।

प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।

प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोती बरै दिन राती।

23. यदि भगवान 'चंदन'हैं तो भक्त क्या है?

A. पानी B. मोर C. चकोर D. बाती

24. यदि भगवान 'बादल' हैं तो भक्त क्या है?

A. पानी B. मोर C. चकोर D. बाती

25. यदि भगवान 'चाँद' हैं तो भक्त क्या है?

A. पानी B. मोर C. चकोर D. बाती

26. यदि भगवान 'दीपक' हैं तो भक्त क्या है?

A. पानी B. मोर C. धागा D. बाती

27. इस पद में रैदास के द्वारा किस भाव की अभिव्यक्ति की है?

A. दास्य भाव B. स्मरण भाव C. साख्य भाव D. आत्मनिवेदन भाव

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।**

28. रैदास ने 'गरीब निवाजु' किसे कहा है?

A. गरीब ब्राह्मण को B. गरीब लोगों को

C. अपने ईश्वर को D. अपने गुरु को

29. रैदास जी सारे संतों को क्या कहते हैं?

A. संतों की कृपा से सब संभव है B. प्रभु की कृपा से सब संभव है

C. भक्तों की कृपा से सब संभव है D. ग्रंथों की कृपा से सब अम्भव है

30. जो सबके कष्ट हारते हैं तथा भवसागर से पार उतारते हैं उन्हें _________ कहते हैं?

A. उदार B. दयावान C. देवता D. निवाजु

31. गरीब के सिर पर छत्र कौन रखवा सकता है?

A. पूजा B. राजा C. ईश्वर D. कवि

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 32-36 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्ज़ा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परन्तु कभी ऐसी भी स्थिति आ जाती है कि हम ज़रा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थिति में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

32.मनुष्य की पोशाकें क्या कार्य करती हैं?

A. उनको प्रतिष्ठित बनाती हैं B. उनको विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं

C. भेदभाव को कम करती हैं D. भाई-चारे को बढ़ाती है

33. हमारे बंद दरवाज़ों को कौन खोलता है?

A. दरबान B. हमारी आवश्यकताएँ

C. हमारी पोशाक D. हमारी आर्थिक स्थिति

34. पोशाक हमारे लिए बंधन कब बन जाती है?

A. जब हम अपने से निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं

B. जब हम दूसरों से आगे बढ़ना चाहते हैं

C. जब हम किसी समारोह में जाते हैं

D. जब हम विद्यालय में पढ़ने जाते हैं

35. पोशाक की तुलना किससे की गई है?

A. धन से B. अहंकार से C. कटी पतंग से D. बंद दरवाजे से

36. निम्न में से कौन-सा शब्द 'वायु' का पर्याय नहीं है?

A. पवन B. समीर C. पावन D. हवा

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।**

37. 'एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' में अग्रिमदल का नेतृत्व कौन कर रहा था?

A. प्रेमचंद B. शिवकुमार C. जंग बहादुर D. विष्णु बहादुर

38. किसके बहने से बर्फ की बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरने लगती हैं?

A. पानी के B. ग्लेशियर के C. हवा में D. नदी के

39. तेनजिंग कौन थे?

A. हिलेरी का भाई

B. हिलेरी का गुरु

C. तेनजिंग एक शेरपा थे जो सबसे पहले एवरेस्ट पर चढ़े थे

D. तेनजिंग नेपाल के प्रधानमंत्री थे

40. एवरेस्ट का शिखर कैसा था?

A. वृत्ताकार B. शंक्वाकार C. ऊबड़-खाबड़ D. कठोर

*****